पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-12 वृहस्पतिवार, दिनांक-10 मार्च, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.45 बजे अपराह्न तक ।

(1) प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 37 आपदा प्रबंधन विभाग को स्थानान्तरित ।

(iii) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 760 एवं 766 क्रमशः आपदा प्रबंधन विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग को स्थानान्तरित ।

(v) 66 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री विजय कुमार सिन्हा

(ii) श्री दिनेश कुमार सिंह

(iii) श्री अख्तरूल ईमान

(iv) श्री सतीश चन्द्र दूबे

(v) श्री जितेन्द्र कुमार राय

(vi) श्री प्रदीप कुमार

(vii) श्री राणा गंगेश्वर सिंह

(viii) श्रीमती देवंती यादव

(ix) श्री विनय कुमार सिंह

(3) ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य सभासदों की नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित दिनांक 23 फरवरी एवं 9 मार्च, 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्या श्रीमती पूनम देवी की नगर विकास एवं आवास विभाग से सम्बंधित एवं दिनांक 23 फरवरी एवं 9 मार्च, 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी एवं अन्य सभासदों की राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित दिनांक 24 फरवरी, 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य डा० अच्युतानन्द एवं अन्य सभासदों की राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित दिनांक 28 फरवरी, 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(v) माननीय सदस्य श्री जावेद इकबाल एवं अन्य सभासदों की ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री जावेद इकबाल द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(vi) माननीय सदस्या डा० उषा विद्यार्थी एवं श्रीमती उषा सिन्हा की जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्या डा० उषा विद्यार्थी द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(4) **समितियों का गठन :-**

माननीय प्रभारी मंत्री पथ निर्माण विभाग द्वारा बिहार विधान सभा की लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति एवं सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का वर्ष 2011-12 के गठन के लिए माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा को अधिकृत करने एवं इन समितियों के सह-सदस्यों के लिए बिहार विधान परिषद् से क्रमशः चार, छः एवं तीन माननीय सदस्यों को मनोनीत करने के लिए बिहार विधान परिषद् को अधिकृत करने से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जो सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

(5) **बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम में संशोधन :-**

माननीय प्रभारी मंत्री पथ निर्माण विभाग द्वारा बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 168(1) में संशोधन का प्रस्ताव, जो सदन पटल पर 25.02.2011 को रखा गया था, प्रस्तुत किया गया तथा सभा द्वारा संशोधन का प्रस्ताव सर्व सम्मति से स्वीकृत हुआ ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 02.00 बजे अप० से 5.02 बजे अप० तक

(6) **वित्तीय कार्य :-वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान:- ग्रामीण कार्य विभाग :-**

विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री श्री भीम सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग की मांग पर राज्य सरकार की ग्रामीण कार्य नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा माननीय सदस्य श्री राम लषण राम रमण द्वारा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री राम सेवक सिंह
(ii) श्री शचीन्द्र प्रसाद सिंह
(iii) डा० इजहार अहमद
(iv) श्री राणा गंगेश्वर सिंह

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(v) श्री पवन कुमार जायसवाल
(vi) श्री जनक सिंह
(vii) श्री संतोष कुमार निराला
(viii) श्री प्रेम रंजन पटेल
(ix) श्री मोती लाल प्रसाद

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहाण किया)

(x) श्री अवधेश कुमार राय
(xi) श्री राघवेन्द्र प्रसाद सिंह

माननीय प्रभारी मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी का कटौती प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ तथा ग्रामीण कार्य विभाग का अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

(7) **निवेदन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 22 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 11 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-10.03.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।